महत्वपूर्ण एवं खास

अपने ही रिश्तेदार के घर सोने, चाँदी के जेवरात पार करने वाला व्यक्ति चढ़ा पुलिस के हत्थे

गरियाबंद (आरएनएस)। मेहमान बन कर आये व्यक्ति घर को सुना पाकर अलमारी में रखे सोने चाँदी के जेवरात को उड़ा ले जाने वाला सिटी कोतवाली गरियाबंद पुलिस के हत्थे चढ़ा।घटना के विषय मे मिली जानकारी के अनुसार जिला धमतरी के थाना नगरी के ग्राम फ़रसिया से गिरफ्तार आरोपी के कब्जे से एक जोडी सोने का टॉप्स ,सोने का नेकलेश,दो जोडी चॉदी का पायल एवं एक जोडी चाँदी का बिछिया को जप्त किया गया। ग्राम हसौदा में सुने मकान के अलमारी से सोने के जेवरात पार करने वाले आरोपी को पकड़ने के लिए जिला गरियाबंद पुलिस कप्तान पारूल माथुर के दिशा निर्देश अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो,सुखनंदन राठौर के मार्गदर्शन , अनुविभागीय अधिकारी पुलिस गरियाबंद संजय ध्रुव पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी सिटी कोतवाली गरियाबंद निरीक्षक सत्येन्द्र सिंह श्याम द्वारा टीम गठित कर चोरी के संबंध में बारीकी से जाँच पडताल कर संदेह के आधार पर अनिल कुमार ध्रुव पिता गुहाराम उर्फ गुहलेद राम उम्र 26 साल निवासी फ़रसियाँ सेम्हरपारा थाना नगरी जिला धमतरी को पकडा गया ।चोरी के संबंध में कड़ाई से पुछताछ करने पर ग्राम फ़रसियां का अनिल ध्रुव द्वारा चोरी गये सम्पत्ति को चोरी करना स्वीकार किया।आरोपी का बयान लेने पर चोरी की गयी सम्पत्ति को अपने घर अंदर कमरे में रखा था जिसे लाकर पेश करने पर उपरोक्त सोने चांदी के जेवरात को गवाहो के समक्ष जप्त किया गया ।जप्त सम्पत्ति की कीमत कुल 19500 रूपये के करीबन है।आरोपी के विरूद्ध धारा सदर का अपराध सबुत पाये जाने पर विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है । उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी सिटी कोतवाली गरियाबंद निरीक्षक सत्येन्द्र सिंह श्याम , प्र.आर. 311 डिगेश्वर साहू , आर . मुरारी यादव , संजय सूर्यवंशी , सूखसागर नाग , योगेश सिंह , शिवलाल तिर्की , की सराहनीय भूमिका रही।

छत्तीसगढ़ में अब तक 825.1 मिमी औसत वर्षा दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक 1 जून 2021 से अब तक राज्य में 825.1 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून से आज 4 सितम्बर तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार सुकमा जिले में सर्वाधिक 1192.1 मिमी और बालोद जिले में सबसे कम 589.5 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है। राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक सरगुजा में 738.1 मिमी, सूरजपुर में 1006.5 मिमी, बलरामपुर में 830.3 मिमी, जशपुर में 854.1 मिमी, कोरिया में 838.5 मिमी, रायपुर में 658.2 मिमी, बलौदाबाजार में 755 मिमी, गरियाबंद में 728.1 मिमी, महासमुंद में 625.5 मिमी, धमतरी में 713.7 मिमी, बिलासपुर में 806.9 मिमी, मुंगेली में 765 मिमी, रायगढ़ में 698.1 मिमी, जांजगीर चांपा में 817.7 मिमी, कोरबा में 1158.7 मिमी, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 1035 दुर्ग में 738.3 मिमी, कबीरधाम में 655.4 मिमी, राजनांदगांव में 636.1 मिमी, बेमेतरा में 922.2 मिमी, बस्तर में 889.5 मिमी, कोण्डागांव में 840.9 मिमी, कांकेर में 747.8 मिमी, नारायणपुर में 985.2 मिमी, दंतेवाड़ा में 930.6 मिमी और बीजापुर में 945.1 मिमी औसत वर्षा रिकार्ड की गई।

राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह : प्रदेश के महान साहित्यकारों के नाम पर 4 शिक्षकों को स्मृति पुरस्कार

» 54 शिक्षक राज्य शिक्षक सम्मान से होंगे सम्मानित

रायपुर (आरएनएस)। शिक्षक दिवस के अवसर पर राज्यपाल सु अनुसुईया उइके के मुख्य आतिथ्य में 05 सितंबर 2021 को सुबह 11 बजे से राजभवन के दरबार हॉल में राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। इस समारोह की अध्यक्षता मुख्यमंत्री भूपेश बघेल करेंगे और विशिष्ट अतिथि स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम और संसदीय सचिव द्वारिकाधीश यादव होंगे।

शिक्षक दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह में 58 शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा। इनमें से 54 शिक्षक राज्य शिक्षक सम्मान और 4 शिक्षकों को प्रदेश के महान साहित्यकारों के नाम पर स्मृति पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। समारोह में राज्य शिक्षक पुरस्कार के लिए चयनित 54 शिक्षिकों में से प्रत्येक को 21-21 हजार रूपए की राशि और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा प्रदेश के महान विभूतियों की स्मृति में दिए जाने वाले पुरस्कार से सम्मानित होने वाले प्रत्येक शिक्षक को 50-50 हजार रूपए और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा।

शिक्षक दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय समारोह में प्रदेश के 04 महान साहित्यिक विभूतियों के नाम पर 04 शिक्षकों को राज्य शिक्षक सम्मान से नवाजा जाएगा। इनमें बलोदाबाजार जिले के विकासखंड भाटापारा की पंचम दीवान शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रधान पाठक केशव राम वर्मा को ''डॉ. पदुमलाल पुन्नालाल बक्शी स्मृति पुरस्कार'' और बलौदाबाजार जिले के विकासखंड सिमगा की शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय केसदा के व्याख्याता चोवाराम वर्मा को ''डॉ. गजानन्द माधव मुक्तिबोध स्मृति पुरस्कार'', महासमुंद जिले के विकासखंड बागबाहरा की शासकीय उच्चतर प्राथमिक शाला कसेकेरा के प्रधान पाठक विजय कुमार शर्मा को ''डॉ. मुकुटधर पाण्डेय स्मृति पुरस्कार'' और गरीयाबंद जिले के विकासखंड की शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला उसरीजोर के शिक्षक कमलकिशोर ताम्रकार को ''डॉ. बलदेव प्रसाद मिश्र स्मृति पुरस्कार'' प्रदान किया जाएगा।

राज्य शिक्षक पुरस्कार 2020 से सम्मानित होने वाले 54 शिक्षकों में से गरियाबंद जिले के सहायक शिक्षक संतोष कुमार साहू और शिक्षक टेकराम साहू, रायपुर जिले के व्याख्याता बिहारी लाल शर्मा और सहायक शिक्षक श्रीमती सुचीता साहू, बलौदाबाजार जिले के शिक्षक शिवकुमार वास और प्रधान पाठक धनेश कुमार वर्मा, राजनांदगांव जिले के शिक्षक विष्णु प्रसाद शर्मा और प्रधान पाठक श्रीमती शीला सोनी, नारायणपुर जिले के प्रधान अध्यापक महेन्द्र कुमार पुजारी, बेमेतरा जिले की प्रधान पाठक श्रीमती मीनाक्षी शर्मा और व्याख्याता कमल दास मानिकपुरी, महासमुंद जिले के शिक्षक लेखराम साहू और व्याख्याता तुलेन्द्र कुमार सागर, बिलासपुर जिले के प्राचार्य कैरोलाईन सतुर और व्याख्याता डॉ. धनंजय पाण्डे, जशपुर जिले के व्याख्याता महेश कुमार गुप्ता और प्रभारी प्राचार्य इकबाल अहमद खान, मुंगेली जिले की व्याख्याता श्रीमती लीला वास्तव और राजेन्द्र कुमार क्षत्रीय, दंतेवाड़ा जिले की प्रधान अध्यापक श्रीमती सुमित्रा सोरी और व्याख्याता श्रीमती शैनी रविन्द्र, जांजगीर-चांपा जिले के शिक्षक अभिषेक कालविन और सहायक शिक्षक नरेन्द्र कुमार लहरे का नाम शामिल है।

मांई दंतेश्वरी के चरणों में श्रद्धालू ने एक किलो सोने के आभूषण किए अर्पित

दंतेवाड़ा (आरएनएस)। जिले के शक्ति पीठ में विराजित बस्तर की आराध्य देवी मांई दंतेश्वरी के दर्शन के लिए हजारों श्रद्धालू मंदिर पहुंचते हैं, और इनमें से अनेक श्रद्धालु अपनी मनोकामना पूर्ण होने पर माता को चढ़ावा भी चढ़ाते हैं। आज इनमें एक नाम धमतरी जिले के ग्राम गड़ाडिह तहसील कुरूद निवासी पवार का जुड़ गया है, मिली जानकारी के अनुसार धमतरी के पवार परिवार ने मांई दंतेश्वरी के चरणों में एक किलो सोने के आभूषण अर्पित किए हैं। यह मंदिर में भक्तों द्वारा दिया गया अब तक का सबसे बड़ा चढ़ावा माना जा रहा है। पवार परिवार द्वारा माता को चढ़ाए गए स्वर्ण आभूषणों में सोने का मुकुट, चूड़ी, हार, झुमका, बाजूबंद, अंगूठी, नथ, बिंदिया, चेन और पायल जैसे आभूषण शामिल हैं। गौरतलब है कि दंतेश्वरी मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा रियासत कालीन दौर से मांईजी को सोने-चांदी के आभूषण और छत्र अर्पित करते आ रहे हैं। हाल ही में एक भक्त ने चांदी का गोल्ड प्लेटेड छत्र माता को अर्पित किया था। श्रद्धालु दानदाताओं द्वारा अर्पित किये गये सोने-चांदी के आभूषणों को जिला कोषालय में जमा कराया जाता है। मंदिर में भक्तों द्वारा प्रतिवर्ष कई लाखों की नकद राशि भी दान-दाताओं से प्राप्त होता है। टेंपल कमेटी के रिकार्ड में 1979 के बाद से बीते करीब 04 दशक में भक्तों द्वारा चढ़ाए गए आभूषणों का विवरण दर्ज है। इन आभूषणों की बाजार मूल्य कई करोड़ों में हो सकती है, हालांकि इन आभूषणों का कोई सदुपयोग नहीं हो पा रहा है।

एक ही परिवार के दो सदस्यों की पेड़ पर लटकती मिली लाश

बिलासपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर के चकरभाठा थाना क्षेत्र के कनेरी में शुक्रवार को एक पेड़ पर चाचा ससुर और उसकी भतीजा बहू की फांसी पर झूलती लाशें मिली। यह देखकर ग्रामीणों ने घटना की जानकारी तुरंत पुलिस को दी। जिसके बाद पुलिस ने लाश को पेड़ से उतार कर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के अनुसार दोनों के बीच प्रेम संबंध की बात सामने आ रही है। इस वजह से दोनों ही पिछले 4 महीनों से अपने गांव से गायब चल रहे थे। सबसे अहम बात की दोनों ने खुदकुशी करने के लिए भी इसी गांव को चुना और यहां आकर फांसी लगा ली।

जानकारी के अनुसार, खेलू राम केवट(50) और उसके भतीजे की पत्नी गीता(35) के बीच प्रेम संबंध चल रहा था। खेलूराम किसान था और इसी गांव में खेती करता था। उसके भतीजे का परिवार भी यहीं रहता था। इनकी प्रेम कहानी का परिवार में पता चल गया था। लिहाजा दोनों ने घर से भागने का फैसला किया।

मार्च में एक दिन ससुर-बहू घर से गायब हो गए थे। इसके बाद से ही दोनों का पता नहीं था। गांववालों ने आज इनकी लाशें ही देखीं। पुलिस ने घरवालों से पूछताछ की तो परिजनों ने कहा कि उनके रिश्ते का पता चलने के बाद परिवार में भी बहुत तनाव हुआ था। दोनों को समझाइश भी दी गई थी, लेकिन वे नहीं माने और गांव छोड़कर चले गए। परिजनों और पुलिस फिलहाल यह मान रही है कि शर्म और आत्मग्लानि के कारण दोनों ने आत्महत्या कर ली होगी। मौके से कोई सुसाइड नोट या किसी तरह का और सामान नहीं मिला है।

चकरभाठा थाना प्रभारी ने बताया की गीता के दो छोटे -छोटे बच्चे(लड़के) है। एक 6 साल का वहीं दूसरा 4 साल का। गीता का पति मानसिक रूप से कमजोर है। अक्सर उसे मिर्गी के दौरे पड़ा करते थे।वह खेतों में मजदूरी करता था। खेलू राम भी खेती किसानी का काम करता था। उसके 5 बड़े बड़े बच्चे है। कई साल पहले उसकी पत्नी की मौत हो चुकी है। गांव वालों के मुताबिक खेलूराम अपने भतीजे के परिवार की मदद करता रहता था। इसी दौरान उसका गीता से संबंध बना।

178 दिनों से बंद रहे मैत्रीबाग खुलेगा 7 से, तैयारी लगभग पूरी

भिलाई (आरएनएस)। कोरोना वायरस के संक्रमण की वजह से 178 दिनों तक बंद रहने के बाद फिर एक बार मैत्रीबाग गुलजार होने जा रहा है। मंगलवार से मैत्रीबाग को शुरू करने की तैयारी है। जिला प्रशासन से अनुमति मिलने के बाद इसको लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई है। पर्यटकों ने मास्क पहना है या नहीं यह मैत्रीबाग के मुख्य गेट पर ही चेक कर लिया जाएगा। बिना मास्क वाले को प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। प्रबंधन सीसीटीवी कैमरे से मैत्रीबाग आने वाले हर पर्यटक पर नजर रखने की कोशिश करेगा।

मैत्रीबाग के मुख्य मार्ग से प्रवेश करने वालों के लिए गेट पर वाश बेसिन लगाया जा रहा है। जिससे वन्य प्राणियों तक

पहुंचने से पहले ही लोग अपने हाथ साफ कर लें। इससे वन्य प्राणी, कर्मियों और पर्यटकों सभी सुरक्षित रहेंगे। मैत्रीबाग में हर माह करीब एक लाख पर्यटक आते हैं। इस तरह से हर दिन कम से कम 3 हजार पर्यटक मैत्रीबाग में पहुंचते हैं। इनके लिए प्रबंधन को विशेष व्यवस्था करनी होगी। जिससे यहां आने वाले किसी व्यक्ति के साथ कोरोना वायरस वन्य प्राणियों तक न पहुंच जाए।

जिला में कोरोना वायरस का प्रभाव कम हो चुका है। इस वजह से तमाम तरह के शॉप को खोलने की इजाजत दे दी गई है। तमाम सरकारी दफ्तरों में कामकाज शुरू हो चुका है। मार्केट पहले की तरह गुलजार हो गए हैं। ऐसे में लोगों को मनोरंजन के लिए एहतियात के साथ मैत्रीबाग जाने की छूट मिल रही है।

कोरोना महामारी की वजह से लॉकडाउन में 23 मार्च 2020 के बाद से मैत्रीबाग बंद किए थे। करीब 333 दिनों के बाद मैत्रीबाग को खोलने की अनुमति जिला प्रशासन से मिली। 13 फरवरी 2021 से मैत्रीबाग पर्यटकों के लिए खोल दिया गया। जब इस दौरान तेजी से कोरोना के केस बढ़ने लगे, तब 8 मार्च 2021 से जिला प्रशासन ने फिर मैत्रीबाग को बंद करने निर्देश दे दिए। इसके बाद से मैत्रीबाग बंद ही था।

मैत्रीबाग में हर माह करीब एक लाख पर्यटक आते हैं। हर पर्यटक 15 रुपए की टिकट लेता है। यह मैत्रीबाग की आवक है। इसके अलावा भीतर में एक होटल किराए पर दिए हैं। जिससे हर माह करीब 2 लाख रुपए से अधिक आता है। वाहन स्टैंड और नौका विहार से भी प्रबंधन को एक-एक लाख मिलता है। मैत्रीबाग में मिनी ट्रेन भी बच्चों के लिए चलवाई जाती है। इसी तरह से सप्ताह के छह दिन पहले म्यूजिकल फाउंटेन दर्शकों के लिए चलाया जाता था, अब उसे भी सप्ताह के दो दिनों तक समेट दिया गया है।

बैग से 50 हजार पार, मामला दर्ज

रामानुजगंज (आरएनएस)। झारखंड के ग्राम रमकंडा का युवक जो हैदराबाद में कमा कर वापस रामानुजगंज होकर गांव जा रहा था वही उसके बीती रात बस स्टैंड में रुकने के दौरान झपकी लगने के बाद बैग में रखे ?50000 व मोबाइल अज्ञात चोरों के द्वारा गायब कर दिया गया जिसके बाद परेशान युवक थाना पहुंचकर इसकी जानकारी दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार झारखंड के ग्राम रमकंडा का सोनू कुमार पिता जगदीश राम उम्र 20 साल जो हैदराबाद में 6 माह से राजमिस्त्री के हेल्पर रूप में काम कर रहा था वह वहां से ?25000 कमाकर वापस अपने गांव जा रहा था वही वह अपने साथ ?25000 और अपने साथ में काम कर रहे हैं रिश्तेदार का कर रखा था जो उसे गांव में देना था इस प्रकार उसके पास ?50000 थे वह रामानुजगंज में बीती रात 1:00 बजे के करीब आया दो-तीन दिनों से सो नहीं पाया था जिस कारण यहां बस स्टैंड में उसे नींद आ गया सुबह जब उठा तो ?50000 एवं मोबाइल गायब था जिसके बाद वह परेशान होकर थाने में पहुंचकर घटना बताई।

बस स्टैंड के आसपास प्रतिदिन नशेड़ी देखे जा सकते हैं जिनके द्वारा आए दिन मुसाफिरों के साथ उठाई गिरी की घटना की जाती है।

महिला सरपंच के यहा 35 तोला सोना व नगदी 30 लाख चोरी,जांच में जुटी पुलिस

बिलासपुर (आरएनएस)। महिला सरपंच के घर से 35 तोला सोना, 30 लाख नकदी समेत कुल 50 लाख रुपए की चोरी कर लेने की रिपोर्ट मस्तुरी थाने में दर्ज करायी गई है।

बताया गया है कि घटना के वक्त सरपंच का परिवार घर में ही सो रहा था। उसी दौरान अज्ञात चोरों ने घटना को अंजाम दिया है। फिलहाल मस्तूरी पुलिस अब घर में और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से चोरों का पता लगा रही है।

मिली जानकारी के मुताबिक गिरिजा देवी अग्रवाल पति कमल अग्रवाल जयराम नगर की सरपंच हैं। शुक्रवार की रात गिरिजा देवा और उनका परिवार जयराम नगर स्थित अपने घर में खाने के बाद सो गया था। इसके बाद जब घरवाले अगले दिन शनिवार को सुबह सोकर उठे तो देखा कि घर के अंदर रखी अलमारी का दरवाजा टूटा हुआ था और उसमें रखे 30 लाख नकद और जेवरात नहीं थे।

इस पर गिरिजा देवी ने तुरंत इस बात की सूचना पुलिस को दी है। जिसके बाद पुलिस की टीम डॉग स्क्वाड को लेकर घटना स्थल पर पहुंची है। गिरिजा देवी के पति कमल अग्रवाल ने बताया कि घर में 30 लाख रुपए नकद और करीब 35 तोला सोना रखा हुआ था। जिसे चोर चोरी कर ले गए हैं। चोरी गए सोने की बाजार में कीमत लगभग 20 लाख रुपए बतायी जा रही है। पुलिस सीसीटीवी कैमरों की मदद से चोर का पता लगा रही हैं। उन्होंने बताया कि सरपंच के पति कमल अग्रवाल का क्रेशर है। अब तक की जांच में 30 लाख की चोरी का पता चला है, अभी आंकलन किया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक पुलिस इस मामले में भी जांच करेगी कि आखिर महिला सरपंच के घर इतनी रकम कहां से पहुंची।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनतमपूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, मान्नीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कुरु सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुरे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अत्याचार मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता फैला करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जायेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु पर संघ मदद की जायेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

मुख्यमंत्री आज करेंगे आरडी तिवारी स्कूल भवन उन्नयन कार्य का लोकार्पण

रायपुर, (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल शिक्षक दिवस के अवसर पर 5 सितबंर 2021 को रायपुर स्मार्ट सिटी लि. द्वारा आर.डी. तिवारी अंग्रेजी माध्यम स्कूल के उन्नयन कार्य उपरांत निर्मित भवन का लोकार्पण करेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री बघेल यहां आयोजित शिक्षा मड़ई कार्यक्रम के तहत कोरोना काल में शिक्षा विभाग द्वारा किए गए नवाचारों की जानकारी लेंगे एवं उत्कृष्ट सेवा देने वाले शिक्षकों को भी सम्मानित भी करेंगे। छत्तीसगढ़ सरकार की स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल योजना के अंतर्गत निर्धन परिवारों को निःशुल्क उच्च स्तरीय शिक्षा के साधन -संसाधन सुलभ कराने इस स्कूल का निर्माण रायपुर स्मार्ट सिटी लि. ने कोरोना की विषम परिस्थितियों के बावजूद 10 महीने की अल्पावधि में पूर्ण किया है। 4 करोड़ 58 लाख रूपये की लागत से निर्मित आर.डी. तिवारी स्कूल को सर्व-सुविधायुक्त आधुनिक अंग्रेजी माध्यम स्कूल का स्वरूप प्रदान किया गया है, जिसमें सर्व-सुविधायुक्त खेल मैदान, बास्केटबॉल कोर्ट, 11 क्लास रूम, 07 स्मार्ट क्लास रूम, 04 अति आधुनिक लैब, 01 उन्नत लाइब्रेरी, बृहद सभाकक्ष, 02 भोजन कक्ष, 06 प्रसाधन कक्ष निर्माण कर इस विद्यालय को आकर्षक कलेवर प्रदान किया गया है। उन्नयन कार्य के दूसरे चरण में रनिंग ट्रैक, वॉलीबॉल कोर्ट एवं फुटबॉल मैदान दर्शक दीर्घा निर्माण की योजना है।

रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा रायपुर शहर के तीन स्कूलों बी पी पुजारी, शहीद स्मारक और पं. आर डी तिवारी स्कूल को स्मार्ट स्कूल के रूप में विकसित किया गया है।

दोपहर 1 बजे से आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री बघेल के साथ नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिव कुमार डहरिया, जिले के प्रभारी मंत्री रविन्द्र चौबे, स्कूल शिक्षा मंत्री प्रेमसाय सिंह टेकाम, लोकसभा सांसद सुनील सोनी, राज्यसभा सांसद मती छाया वर्मा, संसदीय सचिव विकास उपाध्याय, रायपुर नगर पालिक निगम के महापौर एजाज़ ढेबर, छ.ग. गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष कुलदीप जुनेजा, रायपुर दक्षिण विधायक बृजमोहन अग्रवाल, रायपुर ग्रामीण विधायक सत्यनारायण शर्मा, अभनपुर विधायक धनेन्द्र साहू, धरसींवा विधायक मती अनिता योगेन्द्र शर्मा, छ.ग. योग आयोग के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा, नगर पालिक निगम रायपुर के अध्यक्ष प्रमोद दुबे, नगर पालिक निगम रायपुर की नेता प्रतिपक्ष मती मीनल चौबे, जोन-5 के अध्यक्ष मन्नू विजेता यादव सहित एम.आई.सी सदस्य एवं एल्डरमेन ,पार्षद स्थानीय जनप्रतिनिधि , गणमान्य नागरिक सम्मिलित होंगे।